# बलरामपुर पुलिस

हिन्दुस्तान

# चेकिंग में हिस्ट्रीशीटर 20.59 किलो गांजे के साथ गिरफ्तार

## कार्रवाई

- बिना नंबर की स्कॉर्पियो से कर रहा था तस्करी
- 2250 रुपये और तीन मोबाइल भी हुए बरामद

**बलरामपुर, संवाददाता।** कोतवाली नगर पुलिस ने मंगलवार रात वाहन चेकिंग के दौरान नशे की बड़ी खेप के साथ एक हिस्ट्रीशीटर को गिरफ्तार किया है। मुरलीपुर कर्बला से मेवालाल चौकी जाने वाले बाईपास मार्ग पर पुलिस ने बिना नंबर की नई स्कॉर्पियो को रोककर तलाशी ली तो उसमें प्लास्टिक की बोरी में 20 किलो 594 ग्राम अवैध गांजा बरामद हुआ। पुलिस के मुताबिक आरोपी गांजा को अलग-अलग स्थानों से मंगाकर एकत्र करता था और पर्याप्त मात्रा होने पर दूसरे जिलों में बेचने के लिए ले जा रहा था।

गिरफ्तार आरोपी की पहचान तनवीर अहमद उर्फ शारिफ पुत्र इद्रीस निवासी मोहल्ला गदुरहवा पानी टंकी के निकट कोतवाली नगर के रूप में हुई। पुलिस के अनुसार तनवीर कोतवाली नगर थाने का हिस्ट्रीशीटर है। उसके खिलाफ कोतवाली नगर व देहात में हत्या के प्रयास, चोरी, मारपीट, धमकी और आयुध अधिनियम समेत 15 मुकदमे दर्ज हैं।